(b) if so, what are the details thereof, indicating therein the period for which the tender or the oilers have been pending;

(c) whether any decision with regard to the Switching technology has been taken by Government; and

(d) if so, the details thereof?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI P. V. RANGAYYA NAIDU): (a) Yes, Sir.

(b) The tender is under evaluation. The tender Bids were opened in March, 1992.

(c) No Sir.

(d) Question does not arise in view of 'C above.

जबलपुर में दूरसंचार के कारखाने में उत्पादन

1171. **श्री शिव प्रसाद चनपुरिया :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :—

(क) क्या जबलपुर में दूरसंचार कारखाना निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप उत्पादन कर रहा है ;

(ख) इसके कार्यकरण में कमियों के क्या कारण है ;

(ग) इन कमियों को दूर करने के लिए विभाग द्वारा क्या प्रयास किए गए है ;

(घ) इस कारखाने में कार्यरत विभिन्न श्रेणियों के अधिकारियों का ब्यौरा क्या है ; और

(ङ) इस कारखाने में कुल कितने कर्मचारी हैं ?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी०वी० रंगैया नायडू) : (क) जी नहीं।

(ख) वर्ष 1992–93 की पहली तिमाही के उत्पादन लक्ष्यों को निम्नलिखित कारणों से पूरा नहीं किया जा सका :

(i) सेल और अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के स्टील प्लांटों से स्टील को ढांचे संबंधी सामग्री उपलब्ध न होना ।

(ii) आयातित मशीनरी के अतिरिक्त पुर्जों की कमी ।

(ग) सदस्य (उत्पादन) ने मुख्य महाप्रबंधक, दूरसंचार फैक्ट्री जबलपुर के साथ 8 जुलाई, 1992 को 1992–93 की पहली तिमाही (अप्रैल–जून) के उत्पादन निष्पादन की समीक्षा की और स्टील सामग्री उपलब्ध न होने के मामले को इस्पात मंत्रालय के साथ उठाया है ।

2. आयातित अतिरिक्त पुर्जे प्राप्त करने संबंधी आदेशों को अंतिम रूप दे दिया गया है ।

(घ) जैसा कि संलग्न विवरण में दिया गया है (नीचे देखिए) ।

(ङ) (i) नियमित कर्मचारी : 461
(ii) औद्योगिक कर्मचारी: 1721

विवरण

दूरसंचार फैक्ट्री, जबलपुर, कार्यरत कर्मचारी

क्र० सं०	अधिकारियों की श्रेणी (पदनाम)	प्रत्येक श्रेणी में कार्यरत अधिकारियों की संख्या
1.	मुख्य महाप्रबंधक	1
2.	उप-महाप्रबंधक	1
3.	प्रबंधक	2
4.	वरिष्ठ इंजीनियर	8
5.	उप-वित्तीय सलाहकार	1
6.	मुख्य लेखा अधिकारी	1
7.	लेखा अधिकारी	4
8.	सुरक्षा अधिकारी	1
9.	चिकित्सा अधिकारी	2
10.	कल्याण अधिकारी	1
11.	सहायक प्रबंधक	8
12.	सहायक इंजीनियर	21
13.	धातु कर्मी	1
14.	कनिष्ठ इंजीनियर	45
15.	औद्योगिक कर्मचारियों की कुल संख्या	1721
16.	नियमित कर्मचारियों की कुल संख्या	461